प्रमुख सलाहकार, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 03.06.2021 को सौंग बांध पेयजल परियोजना एवं जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थिति:

1) श्री शैलेश बगौली, सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2) श्री एस0ए0 मुरूगेशन, सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3) श्री जे0एल0 शर्मा, सयुंक्त सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
4) श्री मुकेश मोहन, प्रबन्धक निदेशक, यू0पी0डी0सी0सी0।
5) श्री आर0के0तिवारी, महाप्रबन्धक, सौंग बांध पी0आई0यू0 (यू0पी0डी0सी0सी0)।
6) श्री प्रशान्त विश्नोई, महाप्रबन्धक, जमरानी बांध पी0आई0यू0 (यू0पी0डी0सी0सी0)।

(क) सौंग बांध पेयजल परियोजना :

उक्त परियोजना के सम्बन्ध में एक Power Point Presentation का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं वर्तमान तक हुई प्रगति के सम्बन्ध में मुख्य सलाहकार महोदय को अवगत कराया गया। परियोजना के सम्बन्ध में मुख्य सलाहकार महोदय द्वारा निम्न निर्णय लिये गये:–

1– अवगत कराया गया कि परियोजना के घटक– 130.60 मी0 ऊँचे बांध व 14.70 कि0मी0 लम्बी जल संयोजन प्रणाली का निर्माण गठित सौंग बांध पी0आई0यू0 (यू0पी0डी0सी0सी0) एवं 150.00 एम0एल0डी0 जल शोधन संयंत्र व वितरण प्रणाली का निर्माण उत्तराखण्ड पेयजल निगम द्वारा किया जाना है। इस सम्बन्ध में उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुये उनके द्वारा डी0पी0आर0 गठन की कार्यवाही की प्रगति प्राप्त की जाये।

2– सौंग बांध पेयजल परियोजना के वित्त पोषण के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जाये। साथही कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया ₹ 1580.25 करोड़ धनराशि का परियोजना के प्राक्कलन की टी0ए0सी0 एवं ई0एफ0सी0 अतिशीघ्र कराई जाये।

3– सौंग बांध पेयजल परियोजना के बांध निर्माण से पूर्व आवश्यक अवस्थापना विकास कार्य जैसे–सड़क एवं पुल, वनभूमि हस्तान्तरण; एन0पी0वी0 एवं सी0ए0, कैटप्लान, आवश्यक अनुसंधान कार्य एवं डूब क्षेत्र के अन्तर्गत आवश्यक विकास कार्यों हेतु कैबिनेट द्वारा ₹ 165.50 करोड़ की सैद्धान्तिक प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष सौंग बांध पेयजल परियोजना हेतु उपलब्ध कराये गये ₹ 99.73 करोड़ के प्राक्कलन की ई0एफ0सी0 करते हुये धनावंटन सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही की जाये।

(ख) जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना :

उक्त परियोजना से सम्बन्धित एक विस्तृत Power Point Presentation का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें ए0डी0बी0 से सम्बन्धित कार्यों की स्थिति, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के कार्यों की अद्यतन स्थिति एवं परियोजना से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। परियोजना के सम्बन्ध में मुख्य सलाहकार महोदय द्वारा निम्न निर्णय लिये गये:–

1– ए0डी0बी0 से सम्बन्धित गतिमान कार्य यथा आर्थिक एवं वित्तीय मूल्यांकन तथा पर्यावरणीय प्रभाव से सम्बन्धित अध्यायों की पुनर्रचना के सम्बन्ध में विचार–विमर्श कर माह जुलाई–2021 के अन्त तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

क्रमशः——2

पुनर्व्यवस्थापन से सम्बन्धित कार्य यथा पुनर्वास हेतु लगभग 320 एकड़ भूमि का [illegible] तथा परियोजना हेतु पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के सम्बन्ध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तावित विस्थापित परिवारों की माँग के अनुरूप प्राग आमला [illegible] फार्म स्वस्थित भूमि उपलब्ध होने की दशा में प्राथमिकता के आधार पर पुनर्वास हेतु हस्तान्तरित किये जाने पर सहमति व्यक्त की गई।

3- परियोजना से सम्बन्धित विविध कार्यों यथा सर्वे कार्य, जी0आई0एस0 मैपिंग, [illegible] स्टडी, विशेषज्ञों के भुगतान, टेण्डर स्टेज डिजाईन एवं ड्राईंग कन्सलटेंसी, जागरानी एवं तराई फीडर हेतु डी0पी0आर0 गठन, वन प्रस्ताव हेतु सर्वे कार्य तथा आवासीय एवं अनावासीय भवनों के मरम्मत के कार्यों की योजना हेतु ई0एफ0सी0 करने के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

4- उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश राज्य के मध्य जल वितरण सम्बन्धी द्विपक्षीय समझौते पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। द्विपक्षीय समझौते में जल बंटवारे हेतु उपधारा के प्राविधान "Distribution/regulation of the available water of Jamrani dam/Gola barrage shall be carried out jointly by the Uttar Pradesh and Uttarakhand state." के अनुसार किये जाने हेतु प्रभावी प्रक्रिया विकसित किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया।

अन्त में समस्त प्रतिभागी अधिकारियों का धन्यवाद कर बैठक समाप्त की गई।

(एस0ए0 मुरूगेशन)
सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण अनुभाग-2
संख्या - 809 (1)/ II(02)/2021-04/(11)/2010
देहरादून : दिनांक 5 जून, 2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रमुख निजी सचिव, मुख्य सलाहकार, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड को मुख्य सलाहकार महोदय के संज्ञानार्थ।
2. श्री शैलेश बगौली, सचिव, मा0 मुख्यमंत्री शहरी विकास, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. आयुक्त, गढ़वाल/कुमांऊ, उत्तराखण्ड।
4. श्री मुकेश मोहन, प्रबन्धक निदेशक, यू0पी0डी0सी0सी0।
5. श्री आर0के0 तिवारी, महाप्रबन्धक, सौंग बांध पी0आई0यू0 (यू0पी0डी0सी0सी0)।
6. श्री प्रशान्त विश्नोई, महाप्रबन्धक, जमरानी बांध पी0आई0यू0 (यू0पी0डी0सी0सी0)।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(जे0एल0 शर्मा)
संयुक्त सचिव।

Scanned with CamScanner